शनिवार 15 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



बढ़ते गंगा के जलस्तर से मंडराया बाढ़ का खतरा, लोगों को सताने लगा डर

3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन के पावन मास की सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



'मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा'

## मून मिशन: इतिहास रचने निकला चंद्रयान-3 23 अगस्त की शाम चंद्रमा पर होगी लैंडिंग



**भारत के लिए गौरव के क्षण, पीएम ने दी बधाई**

- चंद्रयान-3 ने दोपहर 2:35 बजे चंद्रमा की ओर उड़ान भरी
- आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से इसे छोड़ा गया
- चंद्रयान-3 43.5 मीटर लंबा है, इसका वजन 640 टन है
- सबसे विश्वसनीय रॉकेट LVM3-M4 से छोड़े गया चंद्रयान-3 चांद के चारों ओर 41 दिन तक चक्कर लगाएगा जिसके बाद यह चंद्रमा की सतह पर लैंड कराया जाएगा
- चांद पर लैंड करने का समय भारतीय समयानुसार शाम 5 बजकर 47 मिनट होगा

**एजेंसी/हैदराबाद**

भारत के साथ एक नया कीर्तिमान जुड़ गया है। चंद्रयान-3 अपने सफर पर रवाना हुआ। लॉन्च के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का तीसरा मून मिशन शुरू हो गया। चंद्रयान-3 को ले जा रहे 642 टन वजनी, 43.5 मीटर ऊंचे रॉकेट LVM3-M4 ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। चंद्रयान-3 के पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने के बाद लूनर ट्रांसफर ट्रेजेक्टरी में डाला गया। अगले 42 दिनों में 30,00,00 किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए यह चंद्रमा तक पहुंच जाएगा। इसरो का चांद पर यान को 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराने यानी सुरक्षित तरीके से यान उतारने का यह मिशन अगर सफल हो जाता है तो भारत चुनिंदा देशों की एलीट लिस्ट में शामिल हो जाएगा। अगर भारत ऐसा कर पाने में सफल हो जाता है वह अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद इस सूची में चौथा देश बन जाएगा। चंद्रयान-3 ने दोपहर 2:35 बजे चंद्रमा की ओर उड़ान भरी।

इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से छोड़ा गया। वहीं, इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा है कि अगर सब कुछ सामान्य रहा तो चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को शाम लगभग 5.47 बजे चंद्रमा पर उतरने की उम्मीद है। इसरो ने बताया है कि चंद्रयान-3 की गतिविधि पूरी तरह से सामान्य है और वो उसे चांद की सतह पर देखने की प्रतीक्षा में हैं। चंद्रयान 3 के लॉन्च को देखने के लिए कई स्कूलों के करीब 200 स्टूडेंट्स स्पेस सेंटर पर पहुंचे थे। इस दौरान हजारों लोग स्पेस सेंटर पर मौजूद दिखे। चंद्रयान-3 पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। चंद्रयान-3 की ने अपनी लॉन्चिंग के चार चरण सफलता पूर्वक पूरे कर लिए हैं। इसरो के मुताबिक चंद्रयान-3 पृथ्वी की निर्धारित कक्षा में पहुंच गया है जहां से वो चांद की कक्षा की ओर प्रस्थान करेगा। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा, चंद्रयान-3 ने चांद की अपनी यात्रा शुरू कर दी है। चंद्रयान-3 को शुभकामनाएं दें कि आने वाले दिनों में वो चांद पर पहुंचे।

### राष्ट्रपति बोलीं... मील का पत्थर

चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक प्रक्षेपण पर राष्ट्रपति मुर्मू ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करते हुए चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इसरो टीम और उन सभी लोगों को बधाई, जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम किया। चंद्र मिशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### चंद्रयान-3 ने नया अध्याय लिखा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इस पल को लेकर कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा। यह हर भारतीय के सपनों व महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी भावना और प्रतिभा को सलाम करता हूं।

## राजधानी में हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिन, सम्राट बोले-
# पटना में जो हुआ वह जंगलराज रिटर्न

- लाठीचार्ज में भाजपा नेता की मौत के बाद बिहार में गरमाई सियासत
- भाजपा नेताओं ने लाठीचार्ज और मौत की घटना को लोकतंत्र की हत्या करार दिया

**केटी न्यूज/पटना**

भाजपा के विधानसभा मार्च के दौरान पटना पुलिस के लाठीचार्ज में भाजपा नेता विजय सिंह की मौत के बाद सियासत गरमा गई है। भाजपा नेताओं ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला और इस घटना को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। शुक्रवार को बिहार भाजपा ने काला दिवस मनाया। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता की हत्या की गई है। इसलिए हमलोग शुक्रवार को काला दिवस मना रहे हैं। साथ ही शनिवार को बिहार में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा के प्रतिनिधि दोपहर साढ़े 3 बजे राजभवन जाएंगे। वहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। सम्राट चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ता की नीतीश कुमार ने हत्या की है। जब से नीतीश कुमार ममता दीदी के संरक्षण में आए हैं, तब से ये हो रहा है। गुरुवार को जो भी हुआ वह जंगलराज रिटर्न था। जंगलराज की उत्पत्ति लालू यादव ने की थी, आज नीतीश कुमार और तेजस्वी ने जंगलराज रिटर्न किया है।





### गिरिराज बोले... नीतीश ने लोकतंत्र की हत्या कर दी

भाजपा कार्यकर्ता विजय सिंह की निर्मम-निर्लज्ज हत्या का हिसाब बिहार की जनता लेगी। बिहार को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और आज इसी पवित्र धरती पर नीतीश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या कर दी। नीतीश कुमार जी ममता दीदी की राह पर चल पड़े हैं, लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे भाजपा कार्यकताओं पर बर्बर हमले से हुई मौत के लिए सीधे तौर पर नीतीश कुमार जिम्मेदार हैं।

### महागठबंधन सरकार मौत की जिम्मेदार: विजय सिन्हा

नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि जितनी माता-बहनें विधवा हुई, नरसंहार हुआ। उस जंगलराज को सीएम नीतीश ने जनताराज कहा। भाजपा ने कहा यह जनताराज नहीं गुंडाराज है। हमारे कार्यकताओं पर लाठी बरसाकर जान ले ली गई। इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। जिस जंगलराज को हमने खत्म किया था। चाण्क्य बनकर चंद्रगुप्त बनाया था। आज आप जंगलराज वाले से गलबहिया कर रहे हैं।

### भाजपा नेता की मौत की जांच के लिए स्पेशल टीम गठित

भाजपा नेता विजय सिंह की मौत की जांच के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्पेशल टीम का गठन किया है। चार सदस्यीय यह टीम विजय सिंह की मौत की जांच करेगी। और जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंपेगी। जांच टीम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास, सांसद मनोज तिवारी सांसद विष्णु दयाल राम, सांसद सुनीता दुग्गल को शामिल किया गया है।

### 50 से अधिक बीजेपी नेताओं पर एफआईआर दर्ज

पटना में गुरुवार को भाजपा के प्रदर्शन और विधानसभा मार्च मामले में बिहार पुलिस ने पार्टी नेताओं के खिलाफ एफआई आर दर्ज किया है। इसमें 50 से अधिक बीजेपी नेताओं को नामजद किया गया है। सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकताओं को अज्ञात के तौर पर शामिल किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में प्रतिबंधित क्षेत्र में जाकर हंगामा करने, पुलिस के साथ मारपीट, हमला, पत्थरबाजी और सरकारी काम में बाधा का आरोप लगाया गया है। इसमें पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद, रेनू देवी औरंगाबाद के एमपी सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री नितिन नवीन समेत कई बड़े नेताओं को अभियुक्त बनाया गया है।

## जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने तीन लोगों को मारी गोली

- गोली लगने से गंभीर रूप से घायल तीनों लोग बिहार के सुपौल जिले के रहने वाले
- इलाके की घेराबंदी कर पुलिस हमलावरों की कर रही तलाश

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने फिर एक बार अप्रवासी मजदूरों को निशाना बनाया है। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले के गगरान में आतंकियों ने तीन लोगों को गोली मार दी। घटना गुरुवार की रात की है। ये तीनों मजदूर बिहार के सुपौल जिले के रहने वाले हैं। गोली लगने के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है।

घटना के बाद पुलिस और सेना के जवान शोपियां के गगरान की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश में जुटे रहे। कश्मीर जोन की पुलिस ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर बताया कि घायलों की पहचान अनमोल कुमार, पिंटू कुमार ठाकुर और हीरालाल यादव के रूप में हुई है। ये तीनों बिहार के सुपौल जिले के रहने वाले हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, शोपियां के गगरान इलाके में दो नकाबपोश आतंकियों ने तीनों मजदूरों पर फायरिंग कर दी। फायरिंग करने के बाद दोनों हमलावर भाग निकले। यह घटना रात के करीब 8.30 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है।

Integrated Township at Bihta Patna

Yellow City

आपका निवेश हमारा साथ



सावन के पावन महीने में येलो सिटी की तरफ से पटना में जमीन खरीद की इच्छा रखने वालों के लिए सुनहरा ऑफर

बिहटा एयरपोर्ट से मात्र 4 KM | आईआईटी कैम्पस से 2 KM

ऑफर 800 रूपया प्रति स्क्वायर फीट

50 बीघा में प्लाटिंग 25 फीट का रास्ता

5 कठ्ठा, 12 कठ्ठा व 15 कठ्ठा का ही प्लाट

60 माह की आसान किस्तों पर

25,000 हजार प्रतिमाह की किस्त

लोकेशन अमहारा गांव बिहटा (पटना)

बुकिंग 10 फीसदी, पोजिशन 40 फीसदी व रजिस्ट्री 100 फीसदी पर

मोबाईल नम्बर : +91 6202869902

**दो दिवसीय फ्रांस यात्रा पर हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ की द्विपक्षीय बैठक**

# मार्सिले शहर में एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलेंगे: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय फ्रांस यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस पूरे विश्व में मानवता के लिए जाना जाता है। फ्रांस में आकर गर्व महसूस हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान मिला यह पूरे 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस दुनिया के लिए स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का प्रतीक है। आतंकवाद की लड़ाई में भारत और फ्रांस हमेशा से ही सहयोगी रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, रक्षा सहयोग हमारे संबंधों का एक



मूलभूत स्तंभ रहा है। यह दोनों देशों के बीच गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत में फ्रांस एक अहम साथी है। सबमरीन हो या नौसेना के जहाज, हम चाहते हैं कि मिलकर सिर्फ अपने ही नहीं, तीसरे मित्र देशों के सहयोग के लिए भी हम काम करें।

मोदी ने कहा कि हम मार्सिले शहर में एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलेंगे। हम फ्रांस में पढ़ रहे भारतीय मूल के लोगों को लॉन्ग टर्म वीजा देने के फैसले का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी यूनिवर्सिटीज को भारत में अपने परिसर स्थापित करने के लिए आमंत्रित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा मानना है कि सभी विवादों का समाधान डायलॉग और डिप्लोमेसी के माध्यम से होना चाहिए। भारत स्थायी शांति की बहाली में योगदान देने के लिए तैयार है। कोविड महामारी और यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पूरे विश्व पर पड़े हैं। ग्लोबल साउथ के देशों पर इनका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यह चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान के लिए सभी देशों का एकजुट होकर कोशिश करना जरूरी है।

वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, मुझे यहां पेरिस के बैस्टिल डे परेड में पंजाब रेजिमेंट को देखकर गर्व हुआ। हम एक ऐतिहासिक विश्वास के आधार पर आगे बढ़ रहे हैं। भारत और फ्रांस मिलकर वैश्विक संकटों का समाधान ढूंढ सकते हैं। 2030 तक हम 30,000 फ्रांसीसी छात्रों को भारत भेजना चाहते हैं।

## खबरें फटाफट

### कामरेड अर्जुन को दी गई श्रद्धांजलि

**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड के चंदवापुर गांव में शुक्रवार को कॉमरेड अर्जुन भगत का पैतृक गांव था उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा की गई। कामरेड अर्जुन भगत का जन्म एक फरवरी 1944 में हुआ था तथा मृत्यु 2 जुलाई 2023 को आकस्मिक तौर पर हो गई। कॉमरेड अर्जुन भगत पीएचईडी में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी थे। अचानक इनकी मृत्यु ने इनके परिवार सहित पूरे पार्टी कतार को मरमाह किया। इनका ऐसे समय में मृत्यु हुआ जब देशभर में सांप्रदायिक फासीवाद भाजपा के जरिए फैलाई जा रही है कामरेड अर्जुन भगत हमारे पार्टी के एक मजबूत सिपाही थे। जिन्होंने जब से हमारे पार्टी में आए हर चुनौतियों को स्वीकार करते हुए क्रांतिकारी झंडा को बुलंद करते रहे हैं आज की तिथि में जब पार्टी के सामने बड़ी चुनौती है हमारे बीच से पार्टी एक मजबूत व वफादार साथी को गुजर जाना निश्चय ही तात्कालिक तौर पर अपूर्णीय क्षति है।

### हत्या कर फरार चल रहा पति गिरफ्तार

**सासाराम।** करगहर थाना क्षेत्र के बड़हरी ओपी की पुलिस ने शुक्रवार को मउडिहरा गांव से दहेज हत्याकांड के एक नामजद आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बडहरी ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पंडित ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मउडिहरा गांव निवासी राहुल कुमार है। जिसके विरुद्ध उसकी पत्नी की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे शुक्रवार शाम न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी गत 16 जून 2023 को बड़हरी ओपी में दर्ज कराई गई थी। एफआईआर में प्राथमिक अभियुक्त राहुल कुमार सिंह को बनाया गया था।

### परिजनों ने दुकान मालिक सहित व अन्य पर मारपीट कर हत्या करने का लगाया आरोप

# बिहिया में दुकान पर काम करने गये युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, हत्या की आशंका

- इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान तोड़ा दम, छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया में शुक्रवार को दुकान पर काम करने गये एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये जाने ने के दौरान उसने रास्ते में ही तोड़ दिया। मृतक बेलवनिया गांव निवासी शिवजी यादव का 20 वर्षीय पुत्र पवन कुमार था। वह बेलवनिया बाजार स्थित गिट्टी-बालू के दुकान पर काम करता था। इधर, परिजन दुकान मालिक सहित अन्य पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। युवक के चाचा मंगरु यादव ने बताया कि पवन गांव के ही रोहित सिंह की दुकान पर काम करता था। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी वह दुकान पर काम करने गया था। वहां उसके साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों से किसी बात को लेकर उससे झगड़ा हो गया। उसके बाद उक्त मजदूरों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। तब वहां मौजूद एक महिला नक दुकान मालिक को बोला कि आप झगड़ा क्यों नहीं छुड़ा रहे हैं। उस पर दुकान मालिक ने कहा कि झगड़ा उन लोगों ने किया है। वह क्यों बीच बचाव करें। उसी बीच उसकी मौत हो। तब गांव के ही कुछ लोगों द्वारा ऑटो पर लादकर आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मंगरू यादव की ओर से दुकान मालिक पर मजदूरों को साथ मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बाद में सदर अस्पताल में तैनात नगर थाने के पुलिस अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इधर, पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि युवक अपने दो भाई व तीन बहन ने तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां जूली देवी, तीन बहन और एक भाई बजरंगी कुमार है। घटना के बाद युवक के घर में कोहराम मच गया है।

### नहाने के दौरान चापाकल पर करंट प्रवाहित तार गिरने से किसान की मौत



**आरा।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ टोला गांव में शुक्रवार दोपहर करंट लगने से एक युवा किसान की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक मसाढ़ टोला गांव निवासी 43 वर्षीय सुनील यादव था। उसके पिता लक्ष्मण यादव ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह घर के बाहर चापाकल पर नहा रहा था। उसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट कर उस पर गिर पड़ा। उससे वह बुरी तरह झुलस गया। करीब 15 मिनट बाद घर के बच्चों ने उसे बेहोशी की हालत में देखा और परिजनों को सूचना दी। उसके बाद इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सदर अस्पताल में तैनात पुलिस अधिकारी द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि किसान अपने तीन भाई और चार बहनों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लक्ष्मीना देवी, पत्नी शकुंतला देवी चार पुत्री और एक बहन है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वज्रपात से चार की मौत, चार झुलसे

**सासाराम।** शुक्रवार शाम बारिश के दौरान वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई है। दो लोगों की मौत डेहरी प्रखंड क्षेत्र में, एक मौत करगहर क्षेत्र में जबकि एक मौत नासरीगंज प्रखण्ड क्षेत्र में हुई है। डेहरी प्रखंड क्षेत्र के बरांवकला में शुक्रवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्ति की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनका इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है। घटना के बारे में बताया जाता है कि प्रखंड क्षेत्र के बरांवकला गांव के एक झोपड़ी में बारिश की वजह से गांव के आधा दर्जन लोग छिपे हुए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से गांव के रामचंद्र राम के 40 वर्षीय पुत्र सुभाष राम व स्वर्गीय शिवधारी पाल के 50 वर्षीय पुत्र बली पाल की मौत हो गई। जबकि बिहारी यादव के 25 वर्षीय पुत्र सोनू यादव व जंग बहादुर यादव के पुत्र जोखन यादवए शशि यादव पिता डोमा यादव व लड्डू यादव पिता बीर भद्र यादव घायल हो गए। करगहर थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव वज्रपात की घटना हुई है। कल्याणपुर पंचायत के वार्ड 12 की सदस्य मीना देवी के पति सुग्रीव पासी की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। सुग्रीव पासी अपने खेत में रोपनी कार्य करा रहे थे। हल्की बारिश हो रही थी, इस क्रम में अवानक बिजली कड़कने के बाद वज्रपात हुआ। जिसकी चपेट में खेत में खड़े सुग्रीव पासी आ गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें सदर अस्पताल सासाराम आ रहे थे कि रास्तें में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल में चिकितसक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, नासरीगंज थाना के सबादला गांव में भी आज शाम आकाशीय बिजली गिरने से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई है। मृतक मुद्रिका सिंह के पुत्र अवधेश सिंह बताए जाते हैं।

## सीएम नीतीश कुमार की लठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ता संकल्पित: धर्मेंद्र

**केटी न्यूज/अरवल**



महागठबंधन की क्रूर और निरंकुश सरकार द्वारा बिहार की जनता की हक के लिए आयोजित शांतिपूर्ण पैदल मार्च पर की गई बर्बर लाठीचार्ज से हुई। जिले के कल्पा गांव के निवासी एवं भाजपा के जिला महामंत्री विजय सिंह जी के निर्मम हत्या पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकताओं ने भगत सिंह चौक पर बिहार के हिटलर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में जिस तरह से नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया है। वैसा उदहारण हिंदुस्तान में कभी देखने को नहीं मिला है। बीजेपी ने सूचना दी थी कि हम मार्च करेंगे और सूचना के बाद डाकबंगला चौराहे पर पहुंचने के बाद पहले यह देखा गया कि वाटर कैनन का प्रयोग कर रहे हैं। आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और लाठीचार्ज भी उसी समय हो रहा है। कहीं भी ये नियम होता है कि अगर वाटर कैनन से स्थिति नहीं कंट्रोल में आये तो आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं और तब लाठी चार्ज किया जाता है, लेकिन सब कुछ नीतीश कुमार के आदेश पर एक साजिश के तहत एक साथ यह तीनों कार्रवाई की गई।

## एक नजर

### एमडीए को सफल बनाने के लिए सफाई में लगे वाहन के माध्यम से कराई जा रही माइकिंग



**आरा।** जिले में 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम शुरू हो रहा है। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोगी संस्थान पीसीआई लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है। जागरूकता अभियान में अब अन्य विभागों का भी साथ मिलने लगा है। स्वास्थ्य विभाग के इस अभियान में अब नगर निगम, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, जीविका संस्थान के साथ साथ स्कूल और अन्य संस्थान भी शामिल हो चुके हैं। नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में अब सफाई में लगे वाहनों के द्वारा माइकिंग कराई जा रही है। जिसमें कचरा उठाव के क्रम में वाहनों के माध्यम से एमडीए के दौरान अनिवार्य रूप से दवाओं का सेवन करने की अपील की जा रही है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके। वहीं, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति ने जिले के सभी कॉलेजों को पत्र जारी कर एमडीए को सफल बनाने के निर्देश जारी किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि एमडीए के दौरान वो स्वयं सभी कॉलेजों की निगरानी करेंगे। जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को एमडीए की दवा खिलाई का सके। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रभारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने कहा कि जिले में एमडीए अभियान को सफल बनाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी। लेकिन, यह अभियान तभी सफल होगा जब लोग जागरूक होकर अभियान में सहयोग करते हुए दवाओं का सेवन करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि लोगों को फाइलेरिया से बचना है तो दवाओं का सेवन अनिवार्य रूप से करें एमडीएम अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा खिलाई जाती है। यह दवाएं दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सबको खिलाई जाती है। सबसे जरूरी बात यह है कि लाभुकों को ये दवाएं फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा अपने सामने ही खिलाने का निर्देश दिया जाता है। जिससे लोग आनाकानी न करें।

### गांवों में शिक्षा का अलख जगाएं जनप्रतिनिधि

**जहानाबाद।** जिला प्रशासन शिक्षा विभाग के द्वारा मिशन निपुण बिहार कार्यक्रम के तहत मखदुमपुर प्रखंड के कलानौर, सुगांव, एवं सुमेरा पंचायत के विद्यालयों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंचायत प्रतिनिधि एवं छात्र छात्राओं के अभिभावकों के साथ मिशन निपुण बिहार के सफल बनाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में शिक्षा विभाग जहानाबाद के मिशन सलाहकार सुमन एवं सुनिता ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित मिशन निपुण बिहार के प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रथम वर्ग से तृतीय वर्ग के बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग एवं पढ़ाई के प्रति निपुन होने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही, वैसे अभिभावक जो अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजते हैं उन्हें भी जनप्रतिनिधि वार्ड सभा एवं आम सभा के माध्यम से जागरूक करेंगे। इस दौरान जिले के निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार भी उपस्थित मुखिया सरपंच वार्ड एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में वैसे बच्चे जो विद्यालय में नामांकन होने के बाद भी विद्यालय नहीं जाते हैं उन्हें विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करें। अभिभावक के साथ-साथ पंचायत के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों को भी जिम्मेवारी है कि अपने वार्ड पंचायत को शिक्षा के प्रति अलख जगाए और लोगों को प्रेरित कर उनके अभिभावकों प्रेरित कर नजदीकी विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजे। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, बाढ़ पंचायत के मुखिया, सचिव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।






## खबरें फटाफट

### जिले का कुख्यात अपराधी मनमोहन गिरफ्तार

**बक्सर।** मुफस्सिल थानें की पुलिस ने जिले के कुख्यात लूटेरा मनमोहन उर्फ मोहन चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर विभिन्न थानों में 9 अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। जिनमें अधिकांश लूट से जुड़े हैं। कुछ वर्ष पूर्व महदह में इंडियन बैंक में हुई लूट की घटना में भी वह संलिप्त था। पुलिस रिकार्ड में वह जिले के टॉप टेन अपराधियों की फेहरिस्त में शुमार है। एसपी मनीष कुमार इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार मनमोहन उर्फ मोहन चौहान महदह का रहने वाला है। उस पर विभिन्न थानों में कुल नौ मामले दर्ज हैं। जिनमें तीन मामलों में फिलहाल वह फरार चल रहा था। एक मामले में कोर्ट द्वारा गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि वह अधिकतर लूट की घटनाओं में संलिप्त रहा है तथा काफी सक्रिय अपराधी है।

### दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**सिमरी।** शुक्रवार की शाम रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र स्थित कोईलवर तटबंध पर गंगौली के पास दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोंनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। उसका जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक सिमरी थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव के मनोज राय का 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार राय है जबकि जख्मी युवक की पहचान नियाजीपुर के स्व दिलीप पाठक के 19 वर्षीय पुत्र अमरनाथ पाठक के रूप में हुई है।

## देश के कई हिस्से में भारी बारिश के कारण चेतावनी बिंदु की तरफ बढ़ रही गंगा

# बढ़ते गंगा के जलस्तर से मंडराया बाढ़ का खतरा, लोगों को सताने लगा डर

♦ प्रति घंटे 0.5 प्रति सेमी की दर से बढ़ रहा जलस्तर, शुक्रवार सुबह 8 बजे 52.06 मीटर रिकार्ड किया गया पानी

**केटी न्यूज/बक्सर**

धीरे-धीरे बक्सर में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा हैं। पिछले कुछ दिनों से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को सुबह आठ बजे जल स्तर को 52.060 मीटर रिकार्ड किया गया, जो चेतावनी बिंदू 59.32 मीटर से महज 7.26 मीटर कम हैं। जबकि 24 घंटे में जलस्तर 1.9 मीटर बढ़ रहा हैं। इस रफ्तार को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में गंगा चेतावनी बिंदु को पार कर जाएगी। संभावित बाढ़ के खतरें को देखते हुए जहां जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया हैं वही जिलेवासी संभावित बाढ़ के खतरें को देखते हुए सहमें हुए हैं। खासकर गंगा के तटवर्तीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ते जा रही हैं।

**पहाड़ी इलाकों में बारिश व सहायक नदियों में उफान जारी:** बता दें कि पहाड़ी इलाकों तथा देश के पश्चिमी व उत्तरी हिस्सें में भारी बारिश हो रही हैं। पहाड़ो पर बादल फटने से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। गंगा की प्रमुख सहायक नदी यमुना दिल्ली में रौद्र रूप धारण कर चुकी है। वहां तबाही मचाने के बाद प्रयागराज के पास यमुना का पानी गंगा में मिलता है। जिससे गंगा का जलस्तर भी बढ़ रहा है। वही उतराखंड में हुई बारिश से भी गंगा में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। बाढ़ आने पर जिले के एक बड़े हिस्से में तबाही मच सकती है। बता दें कि जिले के सदर प्रखंड के तटवर्तीय इलाकों के अलावे चौसा, सिमरी, चक्की तथा ब्रह्मपुर प्रखंड का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ की चपेट में आ जाता है। बाढ़ के इस संभावित खतरें को देखते हुए ही गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल सिमरी प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा कर गंगौली में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए थे।



### एक दशक पहले आई थी भयंकर बाढ़

वर्ष 2013 में गंगा में भयंकर बाढ़ आई थी। तब सदर प्रखंड के मझरिया, सिमरी के केशोपुर व गंगौली के पास तथा चक्की के जवही दियर तथा ब्रह्मपुर के नैनीजोर ढाबी के पास तटबंध में रिसाव होने से बांध के दक्षिणी हिस्सें में भी जलभराव हो गया था। गंगा में बाढ़ के कारण कोलिया ताल व भैंसही नदी जैसी बरसाती नदियां भी उफान पर थी। तब किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था तथा तटवर्तीय इलाकों में मुलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी नहीं हो पा रही थी। जिस कारण लोग काफी परेशान हुए थे। वही उसके पहले 2003 में भी जिले ने बाढ़ की विभीषिका झेली थी। जानकारों का कहना हैं कि एक दशक बाद फिर से वैसी ही भयंकर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

# शराब के धंधेबाजों पर नकेल कसने को चलेगा अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल की पुलिस शराबबंदी कानून को सख्ती के साथ पालन कराने और आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान तेज करने की कवायद में तेजी ला दी है। पुलिस की टीम शराब पीने वालों से अधिक शराब धंधेबाजों पर नकेल कसेगी। इसके लिए अनुमंडल पुलिस थाना क्षेत्र के शराब माफियाओं के डाटाबेस तैयार करने में जुट गया है। धंधेबाजों को अभियान चलाकर पुलिस उसे गिरफ्तार करेगी और उनको सजा दिलाने पर अधिक फोकस करेगी। सरकार के निदेशों के बाद बक्सर एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों के शराब माफियाओं की सूची तलब करने का निर्देश दिया है। डाटाबेस तैयार होने के बाद उसे अपलोड किया जायेगा और एक ही क्लिक में शराब माफियाओं की कुंडली सामने आ जायेगी।

पुलिस शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए तकनीकी संसाधनों को विकसित और बेहतर बनाकर शराबबंदी कानून पर नियंत्रण करेगी। पुलिस की इकाई तकनीकी संसाधनों के सटीक इस्तेमाल पर फोकस करेगा, जिससे शराब तस्करों और शराबियों पर नियंत्रण आसानी से हो सकेगा तथा शराब से जुड़े धंधेबाजों की गिरफ्तारी किया जा सकेगा। पिछले छह माह के आंकड़ों पर गौर किया जाये तो पुलिस ने करीब हजारों लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद करने में सफलता पायी है। इस मामले में पुलिस ने शराब के धंधे में शामिल तस्करों और शराब पीने वालों की संख्या मिलाकर करीब 100 से अधिक लोगों को जेल के सलाखों में भेजने की कार्रवाई की है।

### जिले में तकनीकी सेल को बनाया जायेगा कारगर

पुलिस की टीम शहर और ग्रामीण इलाकों में शराबबंदी के खिलाफ लोगों को जागरुक करेगी। गरीब तबके के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। पुलिस शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए गश्ती और वाहन चेकिंग बढ़ाने पर ज्यादा फोकस करेगी। इस अभियान के लिए तकनीकी सेल को अधिक कारगर बनाया जायेगा, ताकि शराब से जुड़े धंधेबाजों की शिनाख्त व गिरफ्तारी हो सके।

### शराब माफियाओं के डाटाबेस को किया जाएगा ऑनलाइन

शराब तस्कर नये तरीके अपना कर शराब बेचने का धंधा करते है। पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी और शराब की बरामदगी करती है। नई तकनीक से पुलिस को काफी सहूलियत मिलेगी। शराब माफियाओं के डाटाबेस फोटो सहित अन्य मामले ऑनलाइन किया जायेगा।

**– अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ डुमरांव**

### पुलिस जीप के धक्के से महिला जख्मी

**नावानगर।** सिकरौल लख स्थित बाजार में शुक्रवार की दोपहर थाना के जीप की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला चनाकली देवी सिकरौल थाना क्षेत्र के दीवान के बड़का गांव की निवासी है। जो स्थानीय बाजार में कुछ काम से आई थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला को सदर अस्पताल बक्सर में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी महिला ने बताया, कि बाजार में सिकरौल पुलिस की गाड़ी देख कर वह हड़बड़ा कर गिर पड़ी। गिरते के बाद पुलिस जीप उसके हाथ को कुचलते हुए निकल गई।

## एक नजर

### कचईनिया के प्रसिद्ध कंचनेश्वर मंदिर में चोरी, नगदी समेत हजारों के सामान ले उड़े चोर

**डुमरांव।** सावन के पावन महीने में एक तरफ देवाधिदेव महादेव की विशेष पूजा अर्चना करने वालों की होड़ मची हैं। वही इस पावन महीने में भी चोर अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं। बीती रात चोरों ने कोरानसराय थाना क्षेत्र के कचईनिया गांव के विनोवा वन स्थित प्रसिद्ध कंचनेश्वर शिव मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दें शिवभक्तों के आस्था पर चोट पहुंचाया हैं। चोरों ने रात्रि पहर मंदिर की दो दान पेटियों का ताला तोड़ उसमें रखे हजारों रूपए नगद के अलावे इनर्वटर, लाउड स्पीकर तथा समरसेबल का पाइप चुरा लिया हैं। सुबह में जब पुजारी पूजा करने मंदिर पहुंचे तो टूटी दान पेटी तथा गायब सामानों को देख चोरी की बात समझ में आई। उन्होंने इसकी सूचना मंदिर प्रबंधकारिणी समिति को दी। मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष रमेश यादव व कोषाध्यक्ष कामतानाथ पांडेय ने कोरानसराय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं। वही इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के अलावे कंचनेश्वर शिव के श्रद्धालु भक्तों में गहरा आक्रोश हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मंदिर के पास पुलिस गश्त नहीं होती है। जिस कारण रात के अंधेरे में मंदिर की सुरक्षा भगवान भरोसे ही होती है।

### स्कूलों को संसाधन संपन्न करना और शिक्षा का अलख जगाना है लक्ष्य: डॉ यशोवर्द्धन पाठक

**सिमरी।** प्रखंड के नियाजीपुर गांव निवासी तथा केन्द्रीय कर आयुक्त ( जीएसटी ) डॉ यशोवर्द्धन पाठक ने कन्या मध्य विद्यालय बड़का ढकाईच का दौरा किया। बता दें कि वे जिले के 21 विद्यालयों के स्वच्छता एवं शिक्षा संबंधित कायाकल्प करवा रहे हैं। इस कड़ी में कन्या मध्य विद्यालय ढकाईच भी शामिल है। यहां पर प्रधानमंत्री स्वच्छता मद से जीएसटी विभाग ने 5 शौचालय का कायाकल्प किया है। जिसमें टाइटल लगाना व पाइप लाइन से शौचालय में पानी की सुविधा लगाने जैसे कार्य कराए गए हैं। विद्यालय में बच्चों ने आयुक्त से कक्षा में बिजली व पंखा न होने की समस्या भी बताई। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में वो प्रयास करेंगे। इसके अलावा आयुक्त महोदय ने कारपोरेट जगत से भी बात कर इस दिशा में विद्यालय को बेहतर करने के प्रयास करने की बात कही। विद्यालय में डेस्क टेबल आदि के लिए भी कारपोरेट जगत से सहयोग की बात कही।

### नहीं रहे चर्चित केमिस्ट्री टीचर व सामाजिक कार्यकर्ता सोनू कुंवर, छाया मातम



**डुमरांव।** जिले के चर्चित युवा सामाजिक कार्यकर्ता व केमिस्ट्री टीचर सोनू कुंवर का निधन हो गया है। उनका निधन गुरूवार की रात वाराणसी में इलाज के दौरान हुआ। वे मूलरूप से सिमरी अंचल के डुमरी गांव के रहने वाले थे तथा जदयू से जुड़े थे। उनकी गितनी जिले के चर्चित युवा चेहरों में की जाती थी। वे अपने पीछे पत्नी, विधवा मां तथा एक डेढ़ वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो उनकी किडनी खराब हो गई थी तथा सुगर लेवल भी बढ़ गया था। वाराणसी में उनका इलाज चल रहा था। जहां गुरूवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से डुमरी गांव के साथ ही पूरा जिला मर्माहत हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता विनोद राय, गोपाल प्रसाद गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, बक्सर नगर परिषद के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि रामजी सिंह, युवा नेता शिबू दूबे, धोनी कुंवर व अन्य ने उनके निधन पर शोक जताया है।

## डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से लगभग 200 मीटर रेलवे के चाट से एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। मृतक के सर, पीठ तथा बायें हाथ पर जख्म के निशान मिले हैं, वहीं शव से रेलवे ट्रैक के आस पास तक खून के निशान भी मिले हैं। जिससे उसकी कहीं अन्यत्र हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की नीयत से फेंकने की बात कही जा रही है।

बहरहाल इसकी जानकारी मिलने के बाद घंटों रेल व स्थानीय पुलिस में सीमा क्षेत्र को ले विवाद बना रहा। बाद में प्रभारी एसडीपीओ विमल दास के पहल पर डुमरांव पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा। वहीं उसकी तस्वीर को विभिन्न साइबर सेनानी ग्रुपों तथा आस पास के थानों में भेज पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के गेटमैन के पास पहुंच बताया कि यहां से 200 मीटर दूर तथा रेलवे ट्रैक से दक्षिण चाट में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा है। इस सूचना के बाद जीआरपी व आरपीएफ की टीम वहां पहुंची तथा इसे स्थानीय थाने का मामला बता डुमरांव थाने को सूचना दी गई। लेकिन डुमरांव पुलिस इसे रेल हादसा मान रही थी। युवक काले रंग का फुलपैंट पहने हुए था, जबकि उसके शरीर में कोई कपड़ा नहीं था। वहीं पास में ही एक बनियान रखा गया था।

## एलआईसी की सेवा में मिली त्रुटि, उपभोक्ता फोरम ने लगाया 52 हजार का जुर्माना

♦ राजपुर के मनोज कुमार सिंह ने उपभोक्ता फोरम में एलआईसी के खिलाफ दाखिल किया था परिवाद

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को जिला उपभोक्ता फोरम ने एक अहम फैसले में विपक्षी भारतीय जीवन बीमा निगम की सेवा में त्रुटि पाते हुए उस पर बीमित राशि 2 लाख रूपए के अलावे उपभोक्ता को बतौर हजार्ना 50 हजार तथा वाद खर्च के रूप में 2 हजार रूपए देने का आदेश दिया है। यह फैसला परिवाद पत्र संख्या 27/2018 की सुनवाई के दौरान दिया गया है। न्यायालय ने विपक्षी बीमा कंपनी को बीमा की 2 लाख की राशि के अलावे उपभोक्ता को 50 हजार बतौर क्षतिपूर्ति एवं 2 हजार रुपए वाद खर्च के रूप में देने का आदेश सुनाया है। उक्त राशि का भुगतान डेढ़ महीना के अंदर करना होगा नहीं तो 8 प्रतिशत अतिरिक्त सूद भी देना पड़ेगा। यह फैसला सेवानिवृत्त न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग वेद प्रकाश सिंह एवं सदस्य वरुण कुमार की न्यायपीठ ने सुनाया।

इस आशय की जानकारी परिवादी के अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने दिया। उन्होंने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र के जमोली गांव निवासी मनोज कुमार सिंह ने उपभोक्ता फोरम में एलआईसी के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था। परिवाद में उन्होंने बताया था कि उनकी माता भागमानो देवी ने एलआईसी से एक बीमा खरीदा था, जिसमें उन्हें नॉमिनी बनाया गया था। लेकिन पॉलिसी लेने के महज 4 महीने 15 दिनों के बाद ही उनकी मां का निधन हो गया था। परिवादी ने बीमा के लाभ के लिए जब सभी कागजातों को विपक्षी के कार्यालय में जमा किया तो उसके दावे को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि उनके अपनी कमाई का कोई जरिया नहीं था साथ ही उम्र भी गलत दिया गया है। जबकि पॉलिसी पेपर में ही रोजगार के साधन के रूप में पशुपालन अंकित किया गया था।

### क्या कहते हैं अधिवक्ता

परिवादी के अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने बताया कि विपक्षी द्वारा यह मामला पूर्णतः सेवा में त्रुटि संबंधित था जहां बीमा कंपनी गलत आधार पर परिवादी के दावे को निरस्त किया था। सुनवाई में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति को दाखिल किया गया था जिसमें यह आदेशित किया गया है कि दावे को निरस्त करने के कारणों को बीमा कंपनी द्वारा बाद में बदला नहीं जा सकता है। उक्त मामला काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन न्याय की जीत हुई।

## बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, सीएस को दिया निर्देश

# सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की हाजिरी बायोमेट्रिक से बने: डीएम

♦ राजपुर, ब्रह्मपुर, चक्की व नावानगर सीएचसी में बेडो की संख्या बढ़ाने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

डीएम अंशुल अग्रवाल ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर, राजपुर, चक्की एवं नावानगर में ओपीडी की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही सीएस एवं डीपीएम को टीम गठित कर नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में चिकित्सकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति पर भी चर्चा की गई तथा सीएस से सभी अस्पतालों में डाक्टरों की हाजिरी बायोमेट्रिक से बनवाने को कहा।



समीक्षा के दौरान परिवार नियोजन पखवाड़ा में एनएसवी व टीएल में दिए गए अपेक्षित लक्ष्य को पूरा करने एवं लेबर रूम के रोस्टर में प्रत्येक शिफ्ट में पीपीआईयूसीडी करने तथा ट्रेंड एएनएम व जीएनएम रखने का निर्देश दिया। डीएम ने सीएस को बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में आवश्यक दवाइयों के समुचित व्यवस्था एवं आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रहने का निर्देश भी दिया, ताकी बाढ़ के दौरान किसी को दवाईयों की कमी न हो। समीक्षा के क्रम में डीएम ने आशा के रिक्त पदों पर अविलंब विभागीय नियमानुसार आशा सिलेक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही नियमित टीकाकरण में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने हेतु जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी बक्सर को निर्देशित किया गया।

वहीं चौसा पीएचसी की ऊंचाई सड़क से काफी नीचे होने के कारण बरसात के पानी से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। डीएम ने विभागीय इंजिनियर से समन्वय स्थापित कर स्टीमेट बना उंचाई बढ़ाने को कहा। पुराने सदर अस्पताल में अवस्थित ब्लड बैंक को सदर अस्पताल बक्सर में शिफ्ट करने एवं अनुमंडल अस्पताल डुमरांव में अल्ट्रासाउंड चालू कराने भी डीएम ने दिया। मौके पर कई अन्य पदाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



## खबरें फटाफट

### ठनका की चपेट में आने से महिला की मौत

**बलिया।** सिकन्दरपुर तहसील क्षेत्र के चकबहाउद्दीन गांव में धान की रोपाई करते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ कर 42 वर्षीय महिला की मौत हो गई।महिला की मौत से परिवार वालों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चकबहाउद्दीन गांव निवासी मनवासी देवी पत्नी अरविंद चौहान शुक्रवार को अपने मकान के बगल में अपने बहन के खेत में खेत में धान की रोपाई कर रही थीं। उसी दौरान बारिश होने लगी और कुछ देर के बाद ही तेज गरज चमक के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिस की चपेट में आ कर मानवती बुरी तरह से झुलस गई और खेत में लगे लेव में सर के बल धंस गई। मानवती के झुलसते ही परिवार वाले इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले कर आये जहां गहनता से जांच के बाद डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में सहायक अध्यापिका की मौत

**गाजीपुर।** नोनहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पारा -कासिमाबाद मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक सहायक अध?यापिका की मौत हो गई। नोनहरा थाने के महुआरी गांव निवासी अमित वर्मा का परिवार कठवा मोड़ बाजार में अपने निजी मकान में रहते थे। 4:30 बजे शाम को एक बस गाजीपुर से कासिमाबाद की तरफ जा रही थी। उसी समय कासिमाबाद के तरफ से अमित वर्मा अपने 27 वर्षीय पत्नी शालिनी वर्मा को मोटर साइकिल से कठवा मोड़ अपने घर ले जा रहे थे। तभी बदौरा पावर हाउस के पास अचानक बस मोटर साइकल की डिग्गी से लड़ जाने से मोटर साइकिल सवार पति -पत्नी गिर गए। जिससे पत्नी को बस के धक्के से सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन -फानन में लोग सदर हास्पिटल ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। परिजन मृतका के शव को लेकर कठवामोड़ आवास पर गए। पति अमित का रो- रो कर बुरा हाल था।

### सर्प दंश से गई युवती की जान

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर हकीम गांव की रहने वाली 18 वर्षीय युवती की सोते समय सर्प के काटने से मौत हो गई। घटना की सूचना मृतका के पिता छांगुर बिंद के द्वारा कोतवाली मुहम्मदाबाद को दी गई। पिता का कहना है कि गुरुवार की रात हमारी बेटी रंभा बिंद (18) छत पर सोई हुई थी कि उसके कान पर विषैले सांप के डंस लेने से उसकी कुछ ही देर में मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस ने युवती की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## उफान पर गंगाः जनपद के निचले इलाकों के लोगों की बढ़ी परेशानी

# बलिया में गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी से हो रहा कटाव, नौरंगा गांव में दहशत

**केटी न्यूज/बलिया**



गंगा उस पार नौरंगा (भुआल छपरा) के ग्रामीणों में बरसात के साथ गंगा नदी मे बाढ़ का पानी धीरे धीरे बढ़ने से ग्रामवासियों में कटान के खतरा से रातों की नींद उड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी बरसात से जिस प्रकार मिट्टी का छरन हो रहा है। बाढ का पानी बढ़ते ही कटान से ग्राम पंचायत का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा।

ग्रामीणों ने बताया की बाढ़ से सुरक्षा के लिए गंगा नदी पर वर्ष 2019 में किया गया पारकोपाइन कार्य पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।पिछले साल भी मात्र दिखावा के लिए परकोपाइन लगाया गया जो पानी के हल्के झोके में बह गया।गुरुवार को सुबह 8 बजे के लगभग 120 परिवारों के घरों पर गंगा में बाढ़ का पानी बढ़ने पर सीधे-सीधे कटान के खतरा की आशंका व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत नौरंगा, भुआल छपरा के ग्रामीण रामाकांत ठाकुर, लकड़ी मिश्र, अक्षय चौबे, राजु ठाकुर, सन्तोष कुमार,मिथिलेश ठाकुर, सोनू ठाकुर, जनार्दन ठाकुर, शिवजी चौधरी, भोला चौधरी, पवन चौधरी आदि दर्जनों लोगों ने बताया कि अगर समय रहते सुरक्षा कवच को ठीक नहीं किया तो गंगा में बाढ़ का पानी बढ़ने पर बिनोद ठाकुर के घर के समाने से 120 परिवारों के रिहायशी घर, मकान, झोपड़ियां कटान के भेंट चढ़ सकते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बाढ बिभाग जब भी इस पार कटान रोधी कार्य करता हैं।आधे अधूरे ढंग से करके लौट जता है। कोइ जनप्रतिनिधि या कोइ आधिकारी सुध लेने नही आता। वर्ष 2019 में यहां बस्ती को कटान से बचाने के लिए लाखों रुपए खर्च करके पारकोपाइन कार्य किया गया था। ऊसके बाद 2021में भी कार्य हुआ पर कोइ भी कार्य पूरा नहीं हुआ। मात्र पैसों का बंदर बाट किया गया। गंगा नदी के किनारे बरसात से कट रही मिट्टी को दिखाते हुए बताया कि मिट्टी का छरन शुरू हों गया।अब कहीं कहीं भी पारकोपाइन नहीं दीख रहा है, सब नष्ट हो गया है। ग्रामीणों ने इस वर्ष गंगा में तेज बाढ़ आने की आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि थोड़ा भी गंगा नदी में बाढ़ का पानी मचला तो कटान तेज होगी, और सबसे पहले लगभग 120 परिवारों के रिहायशी मकान झोपड़ियां आदि कटान के भेज चढ़ जाएंगे। ग्रामीणों का आरोप है सरकार के लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके जो बाढ़ कटान का सुरक्षा चक्र तैयार किया जाता है अगले साल से संबंधित विभाग द्वारा उसकी देखभाल नहीं की जाती है। जिसके चलते आज हमारे क्षेत्र में कटान को लेकर भय की स्थिति है। ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते ही हम लोगों ने उप जिलाधिकारी बैरिया, जिलाधिकारी बलिया और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भी पत्रक देकर बाढ़ आने से पूर्व ही कटान सुरक्षा का कार्य पूरा करने की मांग उठाई।

### एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि दर्ज

**गाजीपुर।** जनपद में पिछले 4 दिनों से स्थिर रहने के बाद आज एक बार फिर गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि शुरू हो गई है। जनपद में गंगा के जलस्तर में 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि दर्ज की गई। इसके चलते तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता फिर बढ़ गई है। वहीं प्रशासन संभावित बाढ़ को लेकर सतर्कता बनाए हुए हैं। बीते कुछ दिनों से हो रही उत्तराखंड में बरसात के कारण गंगा नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के चलते कोई अनहोनी न हो, इसलिए लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। जिला आपदा विशेषज्ञ अशोक राय ने बताया कि आज सुबह 8 बजे तक गंगा के जलस्तर में 1 सेंटीमीटर प्रति घण्टा की रफ्तार से बढ़ाव दर्ज किया गया। यह बढ़ाव पिछले कई दिनों स्थिर रहने के बाद आज दोबारा शुरू हुआ है।

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

कोतवाली पुलिस ने एक चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गायत्री मंदिर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। आपको बताते चले कि कोतवाली के उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश कश्यप चौकी प्रभारी बिचलाघाट अपने हमराहियों के साथ बेदुआं बांध पर चेकिंग अभियान चला रहे ?थे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक के साथ गायत्री मंदिर पुलिया से पास खड़ा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त युवक इकबाल आलम 20 वर्ष पुत्र सदरे आलम निवासी जमालपुर, थाना बांसडीहरोड को पकड़ा। इसके पास से एक बाइक बरामद हुई। पुलिसिया पुलिसिया में बताया कि उसने यह बाइक छत्तीसगढ़ से चोरी की थी। जिसका फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा था। यहीं नहीं चोरी की बाइकों को चेचिस नम्बर, फर्जी कागजात बनवाकर अन्य जनपद व बिहार में बेच देता हूं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय के लिए चालन कर दिया।

## थानाध्यक्ष व सिपाही पर प्रताड़ित करने का आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**

थाना क्षेत्र के कठौड़ा निवासी मंजेश कुमार यादव ने शुक्रवार को पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान थानाध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश पाठक व हल्का सिपाही सुनील निषाद पर फर्जी मुकदमे में फंसाने व आए दिन प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

वार्ता के दौरान बताया कि विगत दिनों 28 जून को में पुलिस अधीक्षक बलिया एस आनंद को कठौड़ा सरयु नदी के रास्ते प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में वध के लिए पुलिस की संरक्षण में नाव पर लादकर बिहार भेजे जा रहे गाय व बछड़ों का वीडियो बनाकर शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ दिया था। तब से सिकंदरपुर के थानाध्यक्ष व हल्का कांस्टेबल मेरे व मेरे परिवार के पीछे पड़ गए है आए दिन घर पर पहुंच गाली देने के साथ-साथ फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे में व मेरा पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। पीड़ित ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने इसकी जांच क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा को जांच की जिम्मेदारी सौंपी तो जैसे ही थानाध्यक्ष दिनेश पाठक व कांस्टेबल सुनील निषाद को पता चल गया। तभी से थानाध्यक्ष द्वारा बार-बार मुझे धमकाया जा रहा है कि गलत मुकदमे में तुम्हें भेज दूंगा और कांस्टेबल सुनील निषाद द्वारा मेरे घर पर जाकर मेरी मां बहन को भद्दी भद्दी गालियां दी जा रही है इसके वजह से मैं इधर-उधर भटकता फिर रहा हूं मंजेश ने बताया कि अगर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो वो अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन व शासन की होगी।

इस संबंध में सिकंदरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक से टेलिफोनिक वार्ता में उन्होंने यह बताया कि मंजेश यादव अवैध बालू का कारोबार है। जिसको लेकर हमने उसका चार ट्रैक्टर सीज किया तब से आरोप लगा रहा है। कांस्टेबल सुनील निषाद से इसके पूर्व में भी मंजेश से विवाद हो चुका है। जो आरोप लगा रहे हैं निराधार है।

## मच्छरों से करें बचाव, वरना डेंगू पढ़ सकता है जान को भारीः डॉ. सिद्धार्थ

**केटी न्यूज/बलिया**



वर्तमान समय में डेंगू से बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है। इसके लिए जनमानस में सतर्कता व जागरूकता बेहद जरूरी है। यह बातें जिला महिला चिकित्सालय स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र में तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ मणि दुबे ने कही। डॉक्टर दुबे ने कहा कि मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। कभी तेज धूप लोगों गर्मी का एहसास कराती है तो कभी अचानक बरसात होने लगती है और मौसम सर्द हो जाता है। इस मौसम में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के प्रति विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। डा. दुबे ने बताया कि जब मौसम में तेजी से बदलाव होता है तो वह रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को भी प्रभावित करता है। ऐसे में वर्तमान समय में एलर्जी और वायरल संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे सांस के रोगी, टीवी के मरीजों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को बेहद सावधान रहने की आवश्यकता है।

डेंगू बुखार के लक्षण डॉ दुबे बताते हैं कि डेंगू एक विषाणु से होने वाली बीमारी है जो एडिज एजिप्टी नामक संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर ज्यादातर दिन के समय ही काटता है। डेंगू एक तरह का वायरल बुखार है, जिसमें बच्चों को अचानक तेज बुखार आना, पूरे बदन की मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना, सिर में तेज दर्द होना, उल्टी होना, भूख न लगना, अत्यधिक कमजोरी लगना आदि साधारण डेंगू के शुरूआती लक्षण है। वहीं अत्यधिक गंभीर डेंगू (डेंगू हेमोरेजिक बुखार और डेंगू शॉक सिंड्रोम) की स्थिति में मुंह, नाक और मसूड़ों से खून आना, शरीर की चमड़ी पीली तथा ठंडी पड़ जाना, सांस लेने में तकलीफ होना, नसों का कमजोर होना व तेजी से चलना, रक्तचाप का कम होना, पेट में तेज दर्द होना, अत्यधिक बेचैनी होना प्रमुख लक्षणों में आते हैं। डेंगू संक्रमण होने पर शरीर में प्लेटलेट्स कोशिकाओं की संख्या अचानक बहुत तेजी से कम होने लगती है, जिससे रक्त स्त्राव की संभावना बढ़ जाती है और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।

## जिलाधिकारी ने की कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा, कहा-

# शर्तों का उल्लंघन करने वालों की जमानत निरस्त करें

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। अभियोजन शाखा की समीक्षा के दौरान अभियोजन पक्ष ने बताया कि अधीनस्थ न्यायालय में योजित कुल 84 वादों में निर्णय आया। सभी निर्णीत वादों में गुण दोष के आधार पर कोई भी मामला निर्णित नहीं हुआ।अधीनस्थ एवं सत्र न्यायालय में कुल 24 मामले निर्णित हुए। जिनमें 12 में सजा एवं 12 में रिहाई का आदेश पारित हुआ। जिलाधिकारी ने 12 रिहाई मामलों में कारणों की जानकारी लेते हुए अभियोजन पक्ष को अधिक सक्रियता दिखाते हुए अधिक से अधिक अपराधियों को दंड दिलाने के प्रयास करने के निर्देश दिए। जमानत निरस्तीकरण की समीक्षा के दौरान स्वीकृत जमानतदारों की संख्या ज्यादा पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अभियोजन पक्ष को जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने वालों के जमानत निरस्त कराने हेतु अतिरिक्त प्रयास करने को भी कहा। उन्होंने गत माह जनपद में चिन्हित माफियाओं के खिलाफ न्यायालयों में की गई कार्यवाहीयों की जानकारी लेते हुए समस्त महत्वपूर्ण फाइलों का गहनता से अध्ययन कर नजदीकी तिथियों में तारीख लेते हुए चिन्हित अपराधियों को सजा दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बड़े माफियाओं, पॉक्सो एक्ट एवं धारा 376 से जुड़े अपराधियों के मामलों में विशेष प्रयास कर कड़ी पैरवी करने के साथ ही उन्हें यथाशीघ्र सजा दिलाने का प्रयास करने को कहा। जिससे देरी के कारण गवाहों की मुकरने की स्थिति ना बने।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जनपद में अवैध/ जहरीली शराब से संबंधित कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि थाना घोसी में 1, दोहरीघाट में 1 एवं चिरैयाकोट में कुल 1 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही कर बरामदगी का कार्य किया गया है। इसी प्रकार महिला उत्पीड़न संबंधित मामलो में थाना कोतवाली में 1, सराय लखंसी में 2, घोसी में 8,दोहरीघाट में 4,कोपागंज में 2, मोहम्मदाबाद गोहना 6 रानीपुर में 1, चिरैयाकोट में मधुबन में तीन हलधरपुर में तीन एवं थाना रामपुर में दो अभियोग पंजीकृत हुए।

## एक नजर

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत



**बलिया।** रसड़ा क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई वही एक महिला झुलस गई। युवक की मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया वही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। क्षेत्र के नरनी निवासी रवि कुमार 22 वर्ष पुत्र रामबचन पानी का पैसा देने ट्यूबेल पर गया हुआ था की रवि कुमार के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे गंभीर रूप से झुलस गया। कुरेम में भी धान की रोपनी करते समय सीता देवी 30 वर्ष पत्नी संजय कुमार भी झुलस गई। आस पास के लोगो ने दोनो को अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने रवि कुमार को मृत घोषित कर दिया। वही सीता देवी का इलाज चल रहा है। रवि कुमार तीन भाइयों में माझिल था। आईटीआई करके अपरेंटिस कर रहा था। उधर कस्बा के कोठी मस्जिद के ऊपर तथा हॉस्पिटल गेट स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर पर भी आकाशीय बिजली गिरी लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### लंबे समय से गायब वार्ड ब्वाय का कटा वेतन

**गाजीपुर।** सैदपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण नवागत सीएमओ ने किया। इस दौरान अस्पताल में आने पर सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। सिर्फ एक वार्ड ब्वाय काफी लंबे समय से गायब था, तो उसका वेतन काटने व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी से स्पष्टीकरण मांगने के लिए केंद्र अधीक्षक डॉ. दीपक पांडेय को निर्देश दिया। दोपहर दो बजे के बाद पहुंचे सीएमओ ने पहुंचने के बाद अधीक्षक को बुलाया और कार्यालय में जाकर उपस्थिति पंजिका जांची। वहां पर एक वार्ड ब्वाय कई माह से गायब मिला। जिसके बाद उसका वेतन काटने का निर्देश दिया। वहीं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी भी गायब था तो उसे नोटिस देने को कहा। इसके अलावा अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधाओं की जांच की। सराहना करते हुए कहा कि आज हर जगह जांच के दौरान कमियां मिलीं, उनमें सबसे अच्छी स्थिति सैदपुर सीएचसी की मिली। इस मौके पर अधीक्षक समेत डॉ. पंकज सिंह, डॉ. बीके राय, डॉ. प्रकाश पांडेय आदि रहे।

### गाजीपुर में ठनका गिरने से एक की मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के भदेसर गांव निवासी सरिता देवी पत्नी स्व. चतुरी राम की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतका के बेटे सूरज कुमार ने कोतवाली मुहम्मदाबाद में लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हमारी मां खेत में धान की नर्सरी को देखने गई थी कि वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मृत सरिता देवी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### मऊ में वज्रपात से किसान की मौत

**मऊ।** शुक्रवार को दोपहर तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे एक किसान की मौत हो गई। किसान को खेत में गिरा देख ग्रामीणो की भीड़ जुट गई। तुरंत परिवार वालों को सूचना दी गयी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और अनन फानन में उसे मुहम्मदाबाद गोहना स्थित सीएससी ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के देवसीपुर गांव निवासी रणधीर राजभर 52 वर्ष पुत्र स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद शुक्रवार को दोपहर 1 बजे के करीब अपने खेत में काम कर रहे थे। उनका घर गांव से बाहर सिवान में है और वही अपने धान की बेहन में मेड़बंदी कर रहे थे। इस दौरान बारिश होने लगी और तेज चमक के साथ गिरी बिजली के चपेट में आकर गिर गए।


